दिन– मंगलवार दिनांक– 03 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे।

02. केन्द्रीय बजट में बिहार की रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार तीन सौ उनासी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।

03. राज्य सरकार ने कहा– अंचलाधिकारियों की हड़ताल समाप्त। समस्या के स्थायी समाधान के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का निर्णय– इंटर परीक्षा देने से वंचित विद्यार्थियों को मिलेगा परीक्षा में शामिल होने का एक और मौका।

———————————————————————

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव आर विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित एनडीए सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इस बजट के कई मायनों में महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। आर्थिक मामलों के जानकार और बिहार इस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाईनांस एंड पॉलिसी पटना में एसोसिएट प्रोफेसर सुधांशु कुमार ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि इस बार के बजट में सात निश्चिय तीन पर फोकस के साथ ही रोजगार पर सरकार का विशेष बल रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

इससे पहले कल सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री श्री यादव ने राज्य सरकार की ओर से विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार की विकास दर राष्ट्रीय औसत से तीन दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है जो राज्य की तेज आर्थिक प्रगति को दर्शाता है। आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में बिहार के हर व्यक्ति की आमदनी प्रतिवर्ष मौजूदा छिहत्तर हजार चार सौ नब्बे रूपये से बढ़कर एक लाख बावन हजार रूपये से अधिक हो जायेगी। इसके लिए पांच सालों में एक करोड़ रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

———बाईट———

———————————————————————

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पार्टी के प्रदेश कांग्रेस के सभी विधायक, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में ही सदन की कार्यवाही में भाग लेंगे। कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू के नेतृत्व में कल पटना में विधायक दल का नेता चुनने के लिए आयोजित बैठक बेनतीजा रहने के बाद यह फैसला लिया गया।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केन्द्रीय बजट में बिहार की रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार तीन सौ उनासी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। श्री वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोनपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में नौ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक लाख नौ हजार एक सौ अंठावन करोड़ रूपये की लागत से रेल अधोसंरचना पर काम चल रहा है। प्रदेश में तीन हजार दो सौ सत्तासी करोड़ रूपये की लागत से अंठानवे अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है।

———बाईट———

रेलमंत्री ने बताया कि देश की पहली बुलेट ट्रेन का परिचालन वाराणसी से पटना होते हुए सिलीगुड़ी तक किया जायेगा। इसके लिए सात सौ चार किलोमीटर लम्बा हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि अंचलाधिकारियों की हड़ताल समाप्त हो गयी है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में विभागीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। श्री सिन्हा ने कर्मचारियों की सभी आपत्तियों पर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने समस्या के स्थायी समाधान के लिए तत्तकाल प्रभाव से तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करने का निर्देश भी दिया है।

———बाईट———

इधर, बिहार राजस्व सेवा संघ ने कहा है कि उनकी मांगों के संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद ही हड़ताल समाप्ति की घोषणा की जायेगी।

———————————————————————

पटना की एक अदालत ने मोकामा से जदयू के नवनिर्वाचित विधायक अनंत कुमार सिंह को विधानसभा की सदस्यता की शपथ लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। अनंत कुमार सिंह आज विधानसभा में शपथ लेंगे। गौरतलब है कि वे दुलालचंद यादव की हत्या के मामले में पिछले तीन महीने से जेल में बंद हैं।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कहा कि विभिन्न कारणों से इंटर परीक्षा देने से वंचित रहे विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया जायेगा। बोर्ड ने कहा है कि जिनकी परीक्षा छूटी है, उन्हें अप्रैल में दोबारा परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इधर, परीक्षा के पहले दिन कल कदाचार और नकल करने के आरोप में आठ जिलों से छब्बीस परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। सबसे अधिक नवादा में तेरह परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। इसके अलावा जहानाबाद और गोपालगंज से तीन–तीन, मधेपुरा और भागलपुर से दो–दो जबकि गया, अररिया तथा कटिहार से एक–एक परीक्षार्थी निष्कासित किये गये हैं। वहीं, शेखपुरा से दूसरे के बदले परीक्षा देने के मामले में एक छात्र को गिफ्तार किया गया है।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार छब्बीस का परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार सत्तरवीं बीपीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम अप्रैल तक घोषित किया जायेगा। वहीं, इकहत्तरवीं बीपीएससी मेन परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जायेगी। आयोग की ओर से पचास विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। इनके अन्तर्गत सत्रह हजार एक सौ पांच पदों पर भर्ती की प्रक्रिया की जायेगी।

————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने नौकरी दिलाने और ट्रेडिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा के आरोप में पटना से पन्द्रह युवतियों समेत बाईस लोगों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध इकाई और साईबर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पटना के रूपसपुर नहर स्थित वेदनगर इलाके में छापेमारी की। इस दौरान गिरोह के सरगना नालंदा निवासी विवेक कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अन्य राज्यों के लोग भी शामिल हैं। इधर, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मुजफ्फरपुर के जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक सुधीर कुमार के बैंक लॉकर से एक करोड़ रूपये से अधिक के आभूषण जब्त किये हैं। गौरतलब है कि निगरानी की टीम ने पिछले दिनों सुधीर कुमार को उन्नीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। दूसरी ओर पटना जिला प्रशासन ने पटना व्यवहार न्यायालय के पास एक सरकारी नोटरी के चैम्बर से बड़ी संख्या में फर्जी स्टॉप बरामद किया है।

————————————————————————————

आज शब–ए–बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब–ए–बरात का पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर लोग विशेष इबादत करते है और पूर्वजों के लिए दुआएं करते हैं। इस अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और

कब्रिस्तानों पर विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गयी है। कल शाबान का रोजा रखा जायेगा। इधर, प्रशासन ने व्यवस्था बनाये रखने के लिए पटना सहित पूरे प्रदेश में दंडाधिकारियों की तैनाती की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात के अवसर पर लोगों को शुभकामनायें दी हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद जिले समेत आस–पास के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार इस दौरान तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना है। इधर, आज राज्य के उत्तर–पश्चिम भाग के जिलों पश्चिम चम्पारण और पूर्वी चम्पारण समेत कई स्थानों पर घना कोहरा देख गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से प्रदेश के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———————————————————————

अररिया जिले में ट्रांसजेंड समुदाय के कल्याण के लिए सितारा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण और जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से आयोतिज कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई के निदेशक शम्भू कुमार रजक समेत अन्य गणमान्य लोगों ने किया। वहीं, जिले के फारबीसगंज अनुमंडल में भारतीय पुलिस सेवा के महा निरीक्षक सीमांत मुख्यालय पटना द्वारा डॉल्फिन वेलनेस, ओजस सेंटर का उद्घाटन किया गया।

———————————————————————

खगड़िया जिले में नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान टू–प्वाइंट ओ का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि यह अभियान चौदह अप्रैल तक चलेगा।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया में शब–ए–बरात के पूर्व मदरसा जामिया इस्लिामिया कुरआनिया सेमरा में चौबीसवें दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————

अब खेल से जुड़ी खबरों पर एक नजर....

महाराष्ट्र में आयोजित उनहत्तरवीं नेशनल स्कूल कराटे चैंपियनशिप में बिहार ने एक स्वर्ण सहित चार पदक जीते हैं। सौम्या शाश्वत ने चौंसठ किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, अनन्या सिंह ने अड़सठ किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक

जबकि युवराज आदर्श ने चौवन किलोग्राम में और सिद्धार्थ वर्मा ने बयासी किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

नगालैंड के सोविमा में खेले गये सी.के. नायडू ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के मैच में बिहार ने नगालैंड को एक पारी और एक सौ अंठानवे रनों से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार की आर्थिक वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से भी अधिक।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– देश में सबसे तेज गति से बढ़ने वाले राज्यों में बिहार। विकास दर तेरह दशमलव एक प्रतिशत।

दैनिक भास्कर ने भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतिक्षित ट्रेड डील की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– अमेरिका से सशर्त ट्रेड डील। ट्रंप का दावा–रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, वेनेजुएला से लेगा।

प्रभात खबर लिखता है–बुलेट ट्रेन चलाने के लिए बिहार में पांच सौ किलोमीटर लम्बा एलिवेटेड ट्रैक बनेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे।

02. केन्द्रीय बजट में बिहार की रेल परियोजनाओं के लिए दस हजार तीन सौ उनासी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।

03. राज्य सरकार ने कहा– अंचलाधिकारियों की हड़ताल समाप्त। समस्या के स्थायी समाधान के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का निर्णय– इंटर परीक्षा देने से वंचित विद्यार्थियों को मिलेगा परीक्षा में शामिल होने का एक और मौका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।